डॉ बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)
Dr. B. R. Choudhary Agricultural Research Station, Mandor
(Agriculture University, Jodhpur)
मण्डोर– 342304, जोधपुर (राजस्थान)
Mandor, Jodhpur-342 304 (Rajasthan)

क्र.एफ.21(01)/के.भं./निविदा/डॉ.बी.आर.सी.कृ.अ.के./मंडोर/2025–26/10368 दिनांकः 11.09.2025

## निविदा आमंत्रण सूचना

डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर), जोधपुर पर चाय, नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति हेतु निविदा लगभग 5.00 लाख रुपये (अक्षरे पांच लाख रुपये) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर की वेबसाइट www.aujodhpur.ac.in पर पढ़ा जा सकता है। निविदादाता धरोहर राशि 10,000/– (अक्षरे दस हजार रुपये मात्र) व निविदा प्रपत्र शुल्क रु 500/–(अक्षरे रू. पाँच सौ मात्र) दिनांक 19.09.2025 (शुक्रवार) सुबह 11.30 बजे तक डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर में डिमांड ड्राफ्ट के साथ जो कि क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ. बी. आर. चौधरी, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर–जोधपुर (Zonal Director Research, Dr. B.R. Choudhary Agricultural Research Station, Mandor, Jodhpur) के नाम देय हो, संलग्न कर जमा करवा सकते हैं।

निविदा दिनांक 19.09.2025 (शुक्रवार) दोपहर 2.00 बजे पश्चात् उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान
Zonal Director Research
Dr. B.R. Choudhary Agricultural Research Station
(Agriculture University, Jodhpur)
Mandor, Jodhpur-342304

प्रतिलिपि सूचनार्थ : –

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, अनुसंधान निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
3. सूचना पट्ट, डॉ. बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर–जोधपुर
4. निविदा कमेटी सदस्यगण
5. रक्षित पत्रावली

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान
Zonal Director Research
Dr. B.R. Choudhary Agricultural Research Station
(Agriculture University, Jodhpur)
Mandor, Jodhpur-342304

# डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर –जोधपुर
# कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
## निविदा प्रपत्र
### (चाय, नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति हेतु)

निविदा प्रपत्र शुल्क रु 500/–(अक्षरे रू. पाँच सौ मात्र) निविदा प्रपत्र संख्या ........................रसीद संख्या/बैंक ड्राफ्ट संख्या ...................... दिनांक............................ डिमाण्ड ड्राफ्ट क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर के पक्ष में भुगतान योग्य होना चाहिए।

निविदा सूचना क्र. एफ.( )/के.भं./निविदा/डॉ.बी.आर.सी.कृ.अ.के./मंडोर/2025–26/10368, दिनांकः– 11.09.2025 के तहत डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर), जोधपुर पर चाय, नाश्ता, भोजन आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र धरोहर राशि 10,000/ (अक्षरे दस हजार रुपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट डी. डी. संख्या....................दिनांक............................ को प्राप्त हुई।

निविदादाता का नाम व पूरा पताः.................................................................................................

.......................................................................................................................................

दूरभाष नंबर यदि होः ...........................................मोबाइल नं. ...............................................................

| क्र. सं. | कार्य/भोजन का विवरण | अनुमानित संख्या | निविदा दर* |
|---|---|---|---|
| 1. | चाय/कॉफी (100 ml each) | 3000 | रू...........................प्रति 100 ml |
| 2. | **नाश्ता 1**– कचौरी/मिर्ची–बड़ा, चाय/कॉफी (100 ml each) | 500 | रू..........................प्रति नग |
| 3. | **नाश्ता 2**– दो पीस काजू कतली, बेबी कचोरी/समोसा, वेफर्स, केला, चाय/ कॉफी (100 ml each) | 400 | रू..........................प्रति प्लेट |
| 4. | **भोजन 1**– तवा रोटी/पूड़ी, सूखी सब्जी, दालफ्राई, मिठाई एक नग, मिर्च कुट्टा, सलाद | 2000 | रू..........................प्रति फुल पैकट |
| 5. | **भोजन 2**– चपाती/पूड़ी, दाल/कढ़ी पकौड़ा, सूखी/हरी सब्जी, मिठाई एक नग, सलेवड़ा फली/पापड़, मिर्च कुट्टा, सलाद | 1000 | रू..........................प्रति फुल प्लेट |
| 6. | **भोजन 3**– दाल, बाटी, चूरमा (देशी घी सें निर्मित), मिर्च कुट्टा, नीम्बू, पापड़ | 500 | रू..........................प्रति फुल प्लेट |
| 7. | **भोजन 4**– मूंगदाल का हलवा, बादाम कतली, तन्दूर रोटी/चपाती, मसाला पुड़ी, दालफ्राई, शाही पनीर की सब्जी, मलाई कोफ्ता, पापड़, ग्रीन सलाद (खीरा, गाजर, टमाटर, प्याज, नीम्बू, हरी मिर्च इत्यादि), वेज पुलाव, मिर्ची अचार | 300 | रू..........................प्रति फुल प्लेट |
| 8. | **भोजन 5**– मिक्सवेज सूप, रबड़ी के घेवर, बटर स्कॉच हलवा, तन्दूर रोटी/चपाती, मिक्सदाल, पालक पनीर, मसाला भिंडी, पापड़, ग्रीन सलाद (खीरा, गाजर, टमाटर, प्याज, नीम्बू, हरी मिर्च इत्यादि ), वनीला आइसक्रीम (125 ml each) | 200 | रू..........................प्रति फुल प्लेट |

*GST-CST सहित किसी भी प्रकार का कर निविदादाता द्वारा दी गयी दर में सम्मलित रहेगा एवम भोजन आपूर्ति हेतु जो भी दस्तावेज़ आवश्यक हो, प्रस्तुत करने होंगे ।

हस्ताक्षर निविदादाता

# डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर –जोधपुर
## (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)

**डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर, जोधपुर पर चाय, नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति हेतु निविदा की शर्तें**

1. इच्छुक निविदादाता निविदा निर्धारित प्रपत्र में भरकर कार्यालय समय में दिनांक 19.09.2025 को सुबह 11:30 बजे तक बंद लिफाफे में मय धरोहर राशि आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगे। निविदा दर स्पष्ट रूप से अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तें कार्यालय से 500/– रूपये जमा करवाकर कार्यालय समय में दिनांक 19.09.2025 की सुबह 11.00 तक बजे तक प्राप्त की जा सकती है।
3. प्राप्त निविदाओं का निस्तारण उसी दिन दोपहर 2.00 बजे पश्चात् उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कर दिया जाएगा।
4. बोलीदाता द्वारा तकनिकी बोली एवं वित्तीय बोली अलग अलग लिफाफों में प्रस्तुत की जावेगी। तकनिकी बोली के साथ वित्तीय बोली के अलावा समस्त बोली दस्तावेज, बिड फीस, अमानत राशि एवं अन्य दस्तावेज/प्रमाणपत्र संलग्न किये जाने हैं।
5. Financial evaluation of bid will be made on the most advantageous bid basis.
6. खाद्य सुरक्षा का वैद्य प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करना होगा। इसके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
8. दरें शब्दो व अंको दोनों में लिखी जावेगीं। इनमें त्रुटियां या उपरलेखन नहीं होना चाहिये। यदि कोई शुद्धियाँ करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघुहस्ताक्षर किये जाने चाहिये।
9. दरें गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर. उद्वत की जानी चाहिये तथा उनमें सभी आनुशंगिक (Incidental) प्रभारों को शामिल करना चाहिये तथा सरकार द्वारा कोई गाड़ी भाड़ा (कार्टेज) या परिवहन प्रभारों का विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जायेगा तथा भोजन की सुपुदर्गी क्रेता अधिकारी के परिसरों पर दी जायेगी।
10. धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी)

   (क) निविदा के साथ 10,000/– (रूपये दस हजार मात्र) की धरोहर राशि प्रस्तुत की जायेगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा कराई जानी चाहिये।

   (ख) धरोहर राशि का प्रतिदाय (Refund of Earnest Money) असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के पश्चात् लौटायी जोयगी।
11. भुगतान निविदादाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किये जायेगें।
12. सब्जी बनाने के लिये काम मे लिया जाने वाला एफ.एस.एस.आई. मार्का तेल मूंगफली का होना चाहिए।
13. सभी खाद्य सामग्री अच्छी गुणवत्ता युक्त सामग्री से निर्मित होनी चाहिए।

14. भोजन आदि की व्यवस्था कार्य स्थल पर या विश्वविद्यालय के कार्य क्षेत्र के जिलों (जोधपुर, पाली, नागौर, सिरोही, बाड़मेर एवं जालौर) में दो दिन पूर्व बताई जगह पर करनी होगी।

15. सिंगल यूज प्लास्टीक का प्रयोग कही पर भी नहीं किया जायेगा।

16. खाना बोन चाइना क्रोकरी में परोसा जायेगा एवं प्लास्टिक क्रोकरी एवं डिस्पोजल का उपयोग नही किया जायेगा।

17. स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था ग्लास के साथ निविदादाता द्वारा ही की जोयगी। पानी आर. ओ. फिल्टर होना चाहिये।

18. चाय, नाश्ते के लिये कप–प्लेट इत्यादी की व्यवस्था आवश्यकतानुसार निविदादाता को करनी होगी।

19. झूठे बर्तन खाने–पीने के तुरंत बाद स्थल से हटाने होंगे।

20. निविदादाता द्वारा अल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था हेतु न्यूनतम व्यक्तियों की शर्त मान्य नहीं होगी। कार्यालय द्वारा जब भी जितने व्यक्तियों के अल्पाहार अथवा भोजन की व्यवस्था के लिए कहा जायेगा निविदादाता को व्यवस्था करनी होगी (कम से कम बीस भी हो सकते हैं)

21. जिन निविदादाताओं की दरें क्रय कमेटी द्वारा अनुमोदित की जायेगी उन्हे समय–समय पर कार्यालय की मांग एवं आवश्वयकतानुसार कार्य आदेश जारी करने पर अनुमोदित दर पर फर्म को आपूर्त्ति करनी होगी।

22. प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में जब्त कर लिया जायेगा।

    (1) जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।

    (2) जब निविदादाता संपूर्ण सप्लाई संतोषजनक ढ़ंग से करने में असफल रहा हो।

    (3) प्रतिभूति निक्षेप को जब्त करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

23. प्रत्येक सफल निविदादात को आदेश प्राप्ति पर 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी होगी। धरोहर राशि. को प्रतिभूति राशि में शामिल किया जा सकेगा।

24. प्रतिभूति राशि में किसी प्रकार का ब्याज भुगतान नहीं किया जावेगा।

25. निविदादाता की न्यूनतम दरें स्वीकृत होने पर नियमानुसार एग्रीमेंट निष्पादित कर प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

26. भोजन संबंधी समस्त सामग्री ईंधन, बर्तन, पानी, भोजन थाली, कटोरी, चम्मच आदि की व्यवस्था निविदादाता को करनी होगी।

27. निविदादाता द्वारा आपूर्ति किए गए विभिन्न प्रकार के भोजन व चाय, नाश्ता इत्यादि का प्रस्तुत विवरण के आधार पर गणना कर कार्यालय के रिकॉर्ड से मिलान उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

28. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर के पास सुरक्षित रहेगा एवं क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ.बी.आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

29. राजस्थान लाक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 में और उपरोक्त दी गई शर्तों में विरोधाभास की स्थिति में आर.टी.पी.पी. एक्ट एवं नियम प्रभावी होंगे।

30. किसी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर होगा।

31. GST प्रमाण पत्र में खाद्य पदार्थ आपूर्ति का उल्लेख होना आवश्यक होगा।

32. निविदादाता का चाय, भोजन के लिए दरें प्रति व्यक्ति इकाई के हिसाब से देनी होगी।

33. निविदादाता को निविदा खोलते समय अपने साथ भोजन के समय काम में लेने क्रोकरी का सेंपल आवश्यक रूप से लाना होगा अन्यथा उनकी निविदा किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जायेगी।

(सेंपल हेतु 01 भोजन की थाली, कटोरी, क्वाटर प्लेट, कप, चम्मच, ग्लास इत्यादि बोन चाइना क्रोकरी साथ में लेकर आना होगा)

34. आवश्यकता होने पर भोजन का सेंपल भी निविदादाता को प्रस्तुत करना पडेगा जिसमें उसे समस्त इंतजाम यथा सर्विंग आउटलेट एवं मय वेटर प्रस्तुत करना होगा।

35. आवश्यकतानुसार / विभागाध्यक्ष के आदेशानुसार भोजन के समय वेटर उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी स्वयं निविदादाता की होगी।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

Zonal Director Research
Dr. B.R. Choudhary Agricultural Research Station
(Agriculture University, Jodhpur)
Mandor, Jodhpur-342304

मुझे (निविदादाता) उपरोक्त समस्त शर्तें मंजूर हैं एवं मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिए सहमत हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर
मोबाइल नम्बरः–